# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com


क्रमांकः प. 9( ) सम्बद्धता/24165 दिनांकः 28/03/2024

## महाविद्यालय सम्बद्धता - सत्र 2024-25

## कार्यालय आदेश

जैसाकि आप सभी अवगत ही हैं कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय और उसके अंतर्गत संचालित सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 गत सत्र 2023-24 से लागू की जा चुकी है तथा अध्ययन–अध्यापन उसके अनुरूप संचालित किया जा रहा है। इस दिशा में सार्थक सहयोग प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से आप सभी का हार्दिक आभार एवं अभिनन्दन है। विश्वविद्यालय द्वारा नए सत्र की तैयारी और महाविद्यालयों को सम्बद्धता प्रदान करने की प्रक्रिया की जा रही है। इस सन्दर्भ में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्रबंधक/प्राचार्यगण को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 प्रारंभ होने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों की अनुपालना अपने महाविद्यालयों में सुनिश्चित करें:–

1. समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय अपनी अधिकृत वेबसाईट अपडेट करें तथा निम्नलिखित सूचनाएँ अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराएँ:–

   (1) महाविद्यालय के प्राचार्य का नाम, नियुक्ति तिथि, विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदन की तिथि, आधार नंबर, पैन नंबर।

   (2) महाविद्यालय के विषयवार शिक्षकों का नाम, नियुक्ति की तिथि, विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदन की तिथि, आधार नंबर, पैन नंबर।

   (3) शोध निर्देशन के लिए योग्य शिक्षकों की विषयवार सूची मय आधार नंबर, पैन नंबर।

   (4) सहयोगी कार्मिकों की सूची मय आधार नंबर, पैन नंबर।

   (5) महाविद्यालय का जिय़ोटैगिंग लोकेशन (Geotagging Location).

   (6) महाविद्यालय भवन में संचालित अन्य संस्थान अथवा संचालित अन्य गतिविधियों का विवरण, यदि कोई हो तो।

   (7) प्रयोगशालाओं का विवरण।

   (8) खेल संबंधी सुविधाओं का विवरण।

   (9) महाविद्यालय प्रबन्ध समिति का विवरण।

   (10) महाविद्यालय भूमि का संपरिवर्तन आदेश।

   (11)**महाविद्यालय अपनी अधिकृत वेबसाईट का लिंक विश्वविद्यालय की ई-मेल Aff.shekhauni@gmail.com पर भेजना सुनिश्चित करे ताकि उसे विश्वविद्यालय वेबसाईट से लिंक किया जा सके।**

2. सभी महाविद्यालय प्रबंधक शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु यू.जी.सी., एन.सी.टी.ई. तथा विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार दक्ष एवं योग्यताधारी शिक्षकों की नियुक्ति नियमानुसार प्रक्रिया को अपनाकर शीघ्र पूर्ण करें, जिसमें सार्वजनिक विज्ञापन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना, चयन समिति का गठन करमा, निर्धारित चयन समिति से नियुक्ति की प्रकिया पूर्ण करना तथा विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार अनुमोदन करवाना सुनिश्चित करेंगे।
3. चयनित शिक्षकों की सूची वेबसाईट पर अपलोड कर विश्वविद्यालय के संम्बद्धता अनुभाग को प्रेषित करें जिसके आधार पर विश्वविद्यालय प्रत्येक शिक्षक का शिक्षक कोड आवंटित करेगा।

4. शिक्षकों के चयन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाये।
5. उक्त सूची शिक्षक कोड आवंटन के पश्चात् विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा। अनुमोदित तथा योग्य शिक्षकों की सूची अकादमिक/परीक्षा कार्य हेतु परीक्षा नियत्रंक को उपलब्ध कराई जाएगी।
6. मानक एवं नियमों के अनुसार भौतिक संसाधनों के सत्यापन के लिए फोटोग्राफ्स एवं वीडियोग्राफ़ अपनी वेबसाइट पर यथास्थान अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. **राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय स्तर पर एक टॉस्क फोर्स का गठन किया जाये जो समय समय पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप अध्ययन एवं अन्य सम्बंधित गतिविधियों के सम्बंध में महाविद्यालय को मार्गदर्शन प्रदान करेगा।**
8. **समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को उक्त प्रक्रिया पूर्ण कर 08 अप्रेल, 2024 तक विश्वविद्यालय की ई-मेल Aff.shekhauni@gmail.com पर सूचित किया जाना अनिवार्य होगा।**

उपरोक्त निर्देशों का पालन अक्षरशः सुनिश्चित किया जाए। संबंधित महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किसी भी तरह की अथवा सभी तरह की सूचना/जानकारी के लिए संबधित महाविद्यालय के प्रबंधक तथा प्राचार्य पूर्णतः जिम्मेदार होंगे।

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त निर्गत किया जा रहा है।

कुलसचिव

क्रमांकः प. 9( ) सम्बद्धता/24166 - 168

दिनांकः 28/03/2024

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित है।

1. निजी सचिव, कुलपति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
2. परीक्षा नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
3. सचिव/प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय।
4. रक्षित पत्रावली।

उपकुलसचिव (शैक्षणिक)